ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, बुधवार 18 जून 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 78


## 3000 रुपए में एक साल के लिए फास्टैग निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी




**24 न्यूज अपडेट**

सरकार ने घोषणा की है कि अब फास्टैग के लिए सालाना पास का ऑप्शन भी मिलेगा। इसकी कीमत 3,000 रुपए होगी। 15 अगस्त से ये पास मिलने लगेगा। अभी केवल मंथली पास और जरूरत के हिसाब से रिचार्ज की सुविधा मिलती है।

ये पास प्राइवेट व्हीकल्स जैसे कार, जीप, वैन के लिए है। ये एक साल के लिए या 200 टोल क्रॉस करने के लिए वैलिड होगा। यानी, एक टोल क्रॉस करने की कीमत करीब 15 रुपए आएगी। सरकार का दावा है कि इससे देशभर के नेशनल हाईवे के टोल पर भीड़ कम होगी।

FASTag से हर बार टोल क्रॉस करने पर पैसे कटते हैं। लेकिन इस वार्षिक पास के साथ आप एक फिक्स्ड अमाउंट (3,000) में सालभर या 200 ट्रिप्स तक टोल फ्री घूम सकेंगे। ये उन लोगों के लिए किफायती है जो नेशनल हाईवे पर बार-बार ट्रैवल करते हैं। साथ ही, ये पास टोल सिस्टम को और ऑर्गनाइज्ड बनाएगा, जिससे सबको फायदा होगा।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इतने टोल क्रॉस करने में करीब 10 हजार रुपए खर्च होते है, अब 3000 रुपए में ही काम हो जाएगा।

पास लेना बहुत आसान होगा। NHAI यानी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे जल्द ही हाईवे ट्रैवल एप और अपनी ऑफिशियल वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक शुरू करेंगे। वहां से आप पास के लिए अप्लाई कर सकेंगे।

कई लोग शिकायत करते थे कि अगर उनके घर के 60 किलोमीटर के दायरे में टोल प्लाजा है, तो बार-बार टोल देना पड़ता है। खासकर जो लोग डेली या हफ्ते में कई बार उसी रास्ते से गुजरते हैं। ये सालाना पास इस प्रॉब्लम को सॉल्व करेगा। अब हर बार टोल देने की जरूरत नहीं।

ये पास देशभर के नेशनल हाईवे के टोल प्लाजा पर काम करेगा। आप दिल्ली से मुंबई जा रहे हैं या चेन्नई से बेंगलुरु, हर जगह ये पास स्कैन होगा और पेमेंट हो जाएगा। लेकिन ध्यान दें, ये सिर्फ नेशनल हाईवे के टोल के लिए है, स्टेट हाईवे या लोकल टोल के लिए नहीं।

सरकार और NHAI का मकसद है टोल सिस्टम को और बेहतर करना। सरकार चाहती हैं-

टोल प्लाजा पर गाड़ियों की लाइन कम हो।

लोग डिजिटल पेमेंट को और ज्यादा यूज करें।

टोल कर्मी और ड्राइवर्स के बीच झगड़े खत्म हों।

60 किलोमीटर के दायरे में रहने वालों की प्रॉब्लम सॉल्व हो।

ओवरऑल, हाईवे ट्रैवल तेज, आसान, और स्ट्रेस-फ्री हो।

## G7 समिट में मोदी बोले- भारत-कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण:10 साल बाद यहां आया; दोनों देशों में हाई कमिश्नर बहाल करने पर सहमति बनी




**24 न्यूज अपडेट**

कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कननास्किस में 3 दिन चले G7 समिट पर ईरान-इजराइल तनाव का असर दिखा। रूस-यूक्रेन युद्ध और ईरान-इजराइल संघर्ष जैसे मुद्दों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और बाकी 6 सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई।

एक दिन पहले ट्रम्प अचानक समिट को छोड़कर अमेरिका लौट गए। इसकी वजह से G7 समिट के तय एजेंडा पर भी बातचीत नहीं हो पाई। समिट में G7 देशों के राष्ट्राध्यक्ष की सिर्फ द्विपक्षीय वार्ता ही हुई।

PM मोदी ने समिट में गेस्ट नेशन के रूप में हिस्सा लिया। कनाडा के PM मार्क कार्नी ने मोदी का वेलकम किया। इसके बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच द्विपक्षीय मुलाकात हुई।

मीटिंग के बाद मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के संबंध काफी महत्वपूर्ण हैं। मैं भारत को जी-7 में आमंत्रित करने के लिए आपका (कनाडाई PM) बहुत आभारी हूं। मैं भाग्यशाली भी हूं कि मुझे 2015 के बाद एक बार फिर कनाडा आने और कनाडा के लोगों से जुड़ने का अवसर मिला है।

इसी के साथ भारत और कनाडा के बीच हाई कमिश्नर को फिर से बहाल करने पर सहमति बन गई है। दरअसल आतंकी निज्जर हत्याकांड के बाद पिछले साल अक्टूबर में दोनों देशों ने 6-6 डिप्लोमैट्स को देश से निकाल दिया था।

## अब 15 दिन में वोटर आईडी कार्ड देगा चुनाव आयोग:नई SOP रजिस्ट्रेशन और कार्ड में करेक्शन पर भी लागू; पहले 30 दिन से ज्यादा लगते थे




**24 न्यूज अपडेट**

अब वोटर लिस्ट में किसी भी अपडेट के 15 दिनों के अंदर लोगों को उनके वोटर आईडी कार्ड दे दिए जाएंगे। चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा है कि उसने वोटर आईडी कार्ड देने के लिए नई प्रक्रिया शुरू की है, जिसमें नए रजिस्ट्रेशन या मौजूदा वोटर के जानकारी में बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा वोटर्स को SMS भी मिलेंगे, जिससे उन्हें उनके कार्ड का अपडेट मिलता रहेगा।

अधिकारियों ने बताया कि अभी तक मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान-पत्र (ईपीआईसी) वितरित करने में एक महीने से थोड़ा ज्यादा समय लगता है। नई प्रणाली इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर के ईपीआईसी जनरेट करने से लेकर डाक के जरिए वोटर तक कार्ड देने तक हर लेवल पर ट्रैकिंग करेगी।

### वोटिंग सेंटर्स की लाइव मॉनीटरिंग का भी ऐलान

इसके पहले 16 जून को आयोग ने ऐलान किया है कि वह वोटिंग प्रक्रिया की निगरानी बढ़ाने के लिए सभी मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग करेगा। बिहार विधानसभा चुनाव से यह फैसला लागू किया जाएगा। वेबकास्टिंग डेटा आयोग के इंटरनल यूज के लिए होगा। मतलब इसे सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। अभी तक 50% पोलिंग स्टेशन की ही वेबकास्टिंग की जाती थी। इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले इलाकों में वेबकास्टिंग की जाएगी। जिन इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं है वहां वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी जैसी ऑप्शनल व्यवस्था की जा सकती है। प्रदेश, जिला और विधानसभा सीट स्तर पर वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। इसकी देखरेख और निगरानी के लिए प्रत्येक स्तर पर नोडल ऑफिसर नियुक्त किए जाएंगे।

18 मार्च को दिल्ली में चुनाव आयोग और गृह मंत्रालय, विधि मंत्रालय, आईटी मंत्रालय, UIDAI के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक हाई लेवल बैठक हुई थी। इसमें वोटर ID को आधार से लिंक करने पर सहमति बनी। ECI के सूत्रों के अनुसार, वोटर ID-आधार को लिंक करने का मकसद आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची से डुप्लीकेट वोटर्स को साफ करना और पारदर्शिता लाना है।

## बीते 24 घंटे में कोरोना से 4 मौतें:देश में अब तक 113 लोगों की जान गई; 32 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 6483 एक्टिव केस




**24 न्यूज अपडेट**

देश में कोरोना के नए वैरिएंट से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 4 मौतें हुई हैं। महाराष्ट्र में 2 और दिल्ली, केरल में 1-1 मरीज ने जान गंवाई है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 113 की मौत हुई है। मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा केरल में 36 और महाराष्ट्र में 31 है। दिल्ली में भी 13 मौतें हुई हैं।

देश के 32 राज्य-केंद्रशासित प्रदेशों में कोरोना के 6483 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में 1384 मामले हैं। गुजरात में 1105 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव केस हैं। मंगलवार को 163 नए केस सामने आए हैं।

## देश को मिला पहला शैलो वाटर क्राफ्ट INS अर्णाला:महाराष्ट्र के किले से मिला नाम; उथले पानी में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर डिएक्टिवेट करेगा




देश के पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC) INS अर्णाला का बुधवार को कमीशन हुआ। इसे विशाखापट्टनम के नेवी डॉकयार्ड में कमीशन किया गया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर CDS जनरल अनिल चौहान मौजूद रहे।

महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक अर्णाला किले के नाम पर इसे यह नाम दिया गया है। यह जहाज हिंद महासागर में नौसेना की दमदार मौजूदगी के लिए डिजाइन किया गया है। जो उथले पानी में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाने, ट्रैक और डिएक्टिवेट करेगा। INS अर्णाला को 8 मई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। आज की कमीशनिंग सेरेमनी 16 ASW-SWC कैटेगरी के जहाजों में से पहले जहाज को भारतीय नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल करने का प्रतीक रही। मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) कोलकाता और मेसर्स L&T शिपबिल्डर्स के साथ पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) के तहत डिजाइन और बनाया गया अर्णाला डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर भारत की सफलता का प्रमाण है। 15 जनवरी 2025 को तीन वॉरशिप INS सूरत (डिस्ट्रॉयर), INS नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और INS वाघशीर (सबमरीन) कमीशन किए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ी है।




अपनी क्षेत्र से सम्बन्धित
समाचार हमारी मेल आईडी पर भेजें
desk24newsupdate@gmail.com

## फ्लिपकार्ट पर भारत की सबसे महंगी TV बिकी:30 लाख में TCL की X955 Max TV सेल हुई; ये घर की दीवार जितनी बड़ी



**24 न्यूज अपडेट**

फ्लिपकार्ट पर भारत की सबसे बड़ी और महंगी TV बिकी है। 115-इंच की TCL X955 Max TV की ऑनलाइन बिक्री 30 लाख रुपए में हुई है। इस TV का साइज आपके कमरे की दीवार जितना है।

X955 Max दुनिया की सबसे बड़ी QD-Mini LED TV है। ये 4K Ultra HD रेजोलूशन (3840×2160 पिक्सल) को सपोर्ट करती है। इसे साथ ही TV में 12 स्पीकर्स दिए गए हैं।

साइजः TV की स्क्रीन बहुत बड़ी है। 115 इंच साइज की TV आपके कमरे की पूरी दीवार जितनी बड़ी ही सकती है। इसमें Dolby Vision का सपोर्ट दिया गया है।

ब्राइटनेसः TV में 5000 निट्स की ब्राइटनेस दी गई है। इसके अलावा 20,000+ लोकल डिमिंग जोन, 98% DCI-P3 कलर कवरेज दिया गया है।

प्रोसेसरः X955 Max TV में TCL AiPQ Pro प्रोसेसर दिया गया है। ये AI बेस्ड कलर, कॉन्ट्रास्ट और क्लैरिटी की फैसिलिटी देता है। इसमें 3GB RAM, 64GB स्टोरेज दिया गया है।

ऑडियोः टेलीविजन में Onkyo 6.2.2 Hi-Fi सिस्टम, 12 स्पीकर्स, 120W आउटपुट और Dolby Atmos सपोर्ट के साथ दिए गए हैं।

गेमिंगः गेमिंग के लिए 144Hz रिफ्रेश रेट, फ्री सिंक प्रेमिमियम प्रो और गेम मास्टर टेक्नोलॉजी दी गई है।

कनेक्टिविटी सपोर्टः ये Google TV, Apple AirPlay2, HomeKit को सपोर्ट करती है। इसके अलावा कनेक्टिविटी के लिए टीवी में WiFi 6, Bluetooth 5.2, HDMI 2.1 पोर्ट दिया गया है।

## चांदी रिकॉर्ड हाई पर, एक किलो 1,09,412 की हुई:सोना आज 307 बढ़कर 99,454 पर पहुंचा, इस साल 31% चढ़े दाम



**24 न्यूज अपडेट**

देश में चांदी की कीमत बुधवार (18 जून) को नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी का दाम आज 312 रुपए बढ़कर 1,09,412 रुपए पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में इसमें 450 रुपए की तेजी थी। कल इसकी कीमत 1,09,100 रुपए प्रति किलो थी।

वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत में आज 129 रुपए की गिरावट के बाद बढ़त देखने को मिली। कल के मुकाबले यह 307 रुपए बढ़कर 99,454 रुपए पर पहुंच गया। कल सोना 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। इससे पहले 16 जून को सोना 99,373 पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई है।

## सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 पर बंद:निफ्टी 41 अंक नीचे 24,812 पर आया; फार्मा, IT, मेटल और मीडिया शेयर्स 1.3% तक गिरे



**24 न्यूज अपडेट**

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी बुधवार, 18 जून को सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 41 अंक की गिरावट रही, ये 24,812 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 10 में तेजी जबकि 20 में गिरावट रही। TCS, अडाणी पोर्ट्स और HUL के शेयर 2% तक नीचे आ गए। जबकि, इंडसइंड बैंक का शेयर 4.44% चढ़ा। टाइटन, M&M और मारुति के शेयरों 2% तक की तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 14 में तेजी, जबकि 36 में गिरावट रही। NSE के ऑटो, प्राइवेट बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में 0.8% तक की तेजी रही। वहीं, फार्मा, IT, मेटल और मीडिया शेयर्स 1.3% तक गिरे।

## संपादकीय : पाक फिर बेनकाब

पाकिस्तान आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाह है । वह न सिर्फ पनाह देता है, बल्कि आतंकियों की फौज तैयार कर उनका वित्त पोषण भी करता है। वहां की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ इन आतंकियों को भारत के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करती हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार पाकिस्तान की इन नापाक हरकतों को सबूतों के साथ उजागर कर चुका है। इसके बावजूद वह आतंकवाद से अपने जुड़ाव को हमेशा नकारता रहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला सीमा पार से प्रायोजित था, घटना की जांच के बाद मिले सबूत इसकी गवाही देते हैं। अब वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के एक बयान से भी इसकी पुष्टि हो गई है। उसने दो टूक कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला वित्तीय मदद के बिना संभव नहीं था । इससे पाकिस्तान आतंकियों की धन-बल से मदद करने के मामले में एक बार फिर बेनकाब हुआ है। यह पहली बार है जब राज्य प्रायोजित आतंकवाद की अवधारणा को एफएटीएफ ने वित्तपोषण स्रोत के रूप में स्वीकार किया है। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल का यह बयान इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि भारत ने पहलगाम हमले के बाद पिछले दिनों 'आपरेशन सिंदूर चलाकर सीमा पार कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। इसके उपरांत भारत के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों ने कई देशों में जाकर पाकिस्तान और आतंकियों के गठजोड़ को उजागर किया। वैश्विक निगरानी संस्था ने भले ही अपने बयान में सीधे तौर पर पाकिस्तान का नाम नहीं लिया, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं है कि आतंकियों को कौन वित्तीय मदद मुहैया कराता है। एफएटीएफ विभिन्न देशों में जांच का दायरा बढ़ाएगा, ताकि इस बात का पता लगाया जा सके किन देशों में आतंकी वित्तपोषण हो रहा है और इससे निपटने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। जांच के बाद इस पर एक रपट भी जारी की जाएगी। अगर रपट तैयार करने में निष्पक्ष व पारदर्शी प्रणाली अपनाई गई तो पाकिस्तान की असलियत फिर जगजाहिर होगी। भारत ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है। भारत अब इस बात पर जोर दे रहा है कि पाकिस्तान का नाम फिर से एफएटीएफ की 'ग्रे' सूची में डाला जाए। इस सूची में शामिल होने वाले देशों में आतंकी वित्तपोषण और धनशोधन जैसे मामलों की निगरानी की जाती है पाकिस्तान को कई बार इस सूची में शामिल किया गया है। मगर, सवाल यह है कि सब कुछ जानते हुए भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसे वैश्विक वित्तीय संस्थान पाकिस्तान पर मेहरबान क्यों है?' आपरेशन सिंदूर' के बाद इन दोनों वैश्विक संस्थाओं ने भारत के विरोध के बावजूद पाकिस्तान को बड़ी राशि कर्ज के रूप में मंजूर की है। अगर, वैश्विक संस्थाएं वास्तव में आतंकवाद के खात्मे को लेकर गंभीर हैं, तो उन्हें सबसे पहले आतंकियों की मदद करने वाले देशों को चिह्नित कर उनकी वित्तीय व अन्य सहायता रोकनी होगी। सिर्फ आतंकवाद की निंदा करने से कुछ हासिल नहीं होगा। इसके लिए सही मायने में धरातल पर काम करने की जरूरत है।

## मनमानी के विरुद्ध

देश में बौद्धिक विमर्श की क्या कोई गुंजाइश है या नहीं? अगर है तो फिर अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का विरोध क्या सिर्फ इसलिए होना चाहिए कि उन्होंने कोई ऐसा बयान दिया जो लोगों को पसंद नहीं ? मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि विरोध के बजाय इसे बौद्धिक बहस के तौर पर लिया जाना चाहिए था। सेंसर बोर्ड से प्रमाणित होने के बाद भी इस फिल्म के प्रदर्शन को जिस तरह रोका गया, उससे समझा जा सकता है कि विमर्श की कितनी जगह बची है । सहमति और असहमति के बीच संवाद भी एक रास्ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अभिनेता ने कुछ असुविधाजनक कहा, तो वह अंतिम सत्य तो नहीं था। लोगों को अलग-अलग विचार रखने का अधिकार है। मगर इस वजह से फिल्म का प्रदर्शन रोका नहीं जा सकता। प्रमाणपत्र मिलने के बाद भी राज्य सरकार के मौखिक निर्देश और पुलिस की मदद से जिस तरह फिल्म के प्रदर्शन को रोका गया, उससे कई सवाल उठे हैं। सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा है कि लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तान सकते। फिल्मों और विचारों के माध्यम से अभिनेता कमल हासन अपनी बात मुखर होकर रखते रहे हैं। इस बार वे विवादों में तब घिरे जब उन्होंने अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' का आडियो जारी करने के समय कन्नड़ भाषा पर टिप्पणी की। इसका राज्य में तीखा विरोध हुआ। कर्नाटक फिल्म चैंबर आफ कामर्स ने यहां तक कह दिया कि जब तक कमल हासन माफी नहीं मांगेंगे, तब तक उनकी फिल्म राज्य में प्रदर्शित नहीं होने दी जाएगी। हालांकि, पांच जून को फिल्म देशभर में प्रदर्शित हो गई, लेकिन कर्नाटक में इसे रोक दिया गया । शीर्ष न्यायालय ने राज्य सरकार से इसकी न केवल वजह पूछी, बल्कि यह भी कहा कि फिल्म देखने से रोकने के लिए नैतिकता के कथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा व हंगामा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती । निस्संदेह विरोध के डर से राज्य सरकार अपने संवैधानिक दायित्व से मुकर नहीं सकती।

# जनजातीय क्षेत्र की पंचायतों को यूडीए में शामिल करने का विरोध, विधायक ने मंत्री से की मुलाकात, नेताओं ने कहा-भूमाफिया पहाड़ों को काटकर, जंगल और चरनोट भूमि को खुर्द-बुर्द कर देंगे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की जनजातीय पंचायतों को उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) में शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध किया है। इस संबंध में वे जयपुर स्थित नगरीय एवं स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मिले। मीणा ने कहा कि ग्राम पंचायत पोपल्टी, फान्दा, अलसीगढ़, उन्दरी खुर्द, चोकड़िया और नयागुड़ा जनजातीय क्षेत्र में स्थित हैं और शहर से काफी दूरी पर हैं। इन पंचायतों को यूडीए में शामिल करने से न सिर्फ इनका पारंपरिक स्वरूप बिगड़ेगा, बल्कि यहां का औद्योगीकरण भी बढ़ेगा, जिससे स्थानीय आदिवासी जनता की जमीन, जंगल और रहन-सहन पर संकट खड़ा हो जाएगा।

### भूमाफियाओं के अतिक्रमण का खतरा

पंचायत समिति गिर्वा के नेता प्रतिपक्ष गुणवंत कोठारी ने आशंका जताई कि इस क्षेत्र में अधिकतर भूमि जंगल, चरनोट व अरावली पर्वतमालाओं से आच्छादित है। यदि इन्हें यूडीए क्षेत्र में लिया गया तो भूमाफिया पहाड़ों को काटकर, जंगल और चरनोट भूमि को खुर्द-बुर्द कर देंगे। कोठारी ने कहा कि ये पंचायतें मुख्य सड़कों से अंदरूनी क्षेत्र में स्थित हैं और शहर से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर हैं। यहां गरीब आदिवासी अपनी जीविका हेतु खेती पर निर्भर हैं। यूडीए में शामिल होने से उनकी खेती योग्य भूमि भी प्रभावित होगी और वे आजीविका से वंचित हो जाएंगे। विधायक मीणा ने मंत्री को दिए पत्र में बताया कि ये पंचायतें संविधान के अनुच्छेद 244(1) के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र में आती हैं तथा पंचायती राज अधिनियम व 'पेसा कानून 2011' के तहत ग्राम सभाओं द्वारा शासित होती हैं। इसके बावजूद स्थानीय अधिकारियों द्वारा संविधान के अनुच्छेद 243 व 243(2) के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए इन पंचायतों को जबरन यूडीए में शामिल किया जा रहा है, जो विधि विरुद्ध है। मीणा ने कहा कि संविधान के अनुसार अनुसूचित व जनजातीय क्षेत्रों पर सामान्य प्रावधान लागू नहीं होते। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन पंचायतों को यूडीए में शामिल किया गया, तो संविधान की अवहेलना और आदिवासी हितों के हनन के विरुद्ध अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट और अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। साथ ही बताया कि न तो इन पंचायतों से कोई सहमति ली गई है और न ही कोई एनओसी जारी हुई है। विधायक मीणा ने बताया कि नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आश्वस्त किया है कि इस मामले में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाएगी तथा जनजातीय क्षेत्र की जनता के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

### बैठक में रहे ये लोग उपस्थित

इस अवसर पर पंचायत समिति गिर्वा के नेता प्रतिपक्ष गुणवंत कोठारी, दिनेश धायभाई, धर्मपाल मीणा, कैलाश मीणा, नरेश कटारा, देवीलाल मीणा, मांगीलाल मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण नेता भी मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर पहुंचे रूंदेड़ा और मावली, विमान हादसे के दिवंगतों को अर्पित की श्रद्धांजलि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 जून। हाल ही में अहमदाबाद में हुई वायुयान दुर्घटना में दिवंगत हुए यात्रियों के परिजनों से मिलने व संवेदना व्यक्त करने के लिए जिला कलेक्टर नमित मेहता मंगलवार को वल्लभनगर क्षेत्र के रूंदेड़ा और मावली क्षेत्र के रोहिडा गांव पहुंचे। दुखद हादसे में वल्लभनगर निवासी वरदी चंद एवं मावली के रोहिडा गांव निवासी प्रकाशचंद का निधन हो गया था। जिला कलेक्टर ने दोनों दिवंगतों के परिवारजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन घड़ी में धैर्य व संबल बनाए रखने की बात कही। इस दौरान वल्लभनगर एसडीएम सुरेन्द्र पाटीदार तथा मावली एसडीएम रमेश सीरवी भी जिला कलेक्टर के साथ मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया और दुख की इस घड़ी में प्रशासन द्वारा हर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही। दुर्घटना के प्रति क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधियों ने भी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# MLSU : खत्म हुई भूख हड़ताल, लौटी खुशियां, 30 जून से पहले जारी होगा रिवाइज्ड रिजल्ट



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में भूख हडताल पर बैठे छात्र नेता त्रिभुवनसिंह राठौड और युवराजसिंह राव की मेहनतर रंग लाई है। दोनों ने तीन दिन तक लगातार भूखे रह कर साबित कर दिया कि छात्र शक्ति अगर संघर्ष करे तो हल निकल सकता है। फिर चाहे सामने कितना भी कड़ा और अड़ियल प्रशासन ही क्यों ना हो। आज दोपहर में वीसी का पुतला फूंका गया तो माहौल गरमा गया। उसके बाद सुविवि प्रशासन जागा और परीक्षा नियंत्रक तथा अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर अनशनकारियों को जूस पिलाया व अनशन तुड़वाया। 30 जून तक रिवाइज्ड रिजल्ट जारी करने का लिखित आश्वासन दिया। इस प्रकार से अनशन समाप्त हुआ व छात्र शक्ति की जीत हुई। एबीवीपी जिंदाबाद के नारे लगे व खोई हुई मुस्कुराहट लौट आई। दरअसल मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के वीसी के अड़ियल रवैये की वजह से यह नौबत आई। परीक्षा परिणामों में गंभीर अनियमितताओं के सुबूत देने के बाद भी प्रशासन परिणाम को फिर से जारी करने पर तैयार नहीं हुआ। विरोध करने पर भी टस से मस नहीं हुआ। इस पर विरोध का झंडा बुलंद किया गया। भारी बारिश के बीच भी दोनों छात्रों ने अपने प्रण को नहीं छोड़ा और आखिरकार जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि यह छात्र शक्ति की जीत है। सुखाड़िया विश्वविद्यालय में इस तरह की मनमानी कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी व हक के लिए हमेशा आवाज बुलंद की जाएगी।

# बाइक पर गांजा तस्करी, 2 तस्कर गिरफ्तार: CBN ने जब्त किया 159 किलो गांजा, कोटा-चित्तौड़गढ़ मार्ग पर की कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 159.075 किलो अवैध गांजा जब्त किया है। यह कार्रवाई भवानी मंडी सेल और कोटा यूनिट की संयुक्त टीम ने की, जिसमें भीलवाड़ा जिले की बिजोलिया तहसील स्थित नला का माताजी मंदिर के पास एक बाइक पर सवार दो तस्करों को धरदबोचा गया। CBN अधिकारियों को विशेष सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति कोटा-चित्तौड़गढ़ मार्ग से गुजरते हुए मादक पदार्थों की बड़ी खेप पहुंचाने जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि होते ही भवानी मंडी सेल और कोटा टीम को अलर्ट किया गया। टीम ने नला का माताजी मंदिर क्षेत्र में विशेष निगरानी शुरू की और एक संदिग्ध बाइक को चिन्हित कर रोक लिया। तलाशी में बरामद हुआ भारी मात्रा में गांजा संदिग्ध बाइक की तलाशी लेने पर टीम को 159.075 किलो गांजा मिला, जिसे तस्कर दो बोरे में भरकर बाइक पर ले जा रहे थे। CBN अधिकारियों ने गांजा और बाइक को तुरंत जब्त करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

### पूरी कार्रवाई NDPS एक्ट के तहत

गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (NDPS Act) के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल CBN की टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि सप्लाई चैन, नेटवर्क और मास्टरमाइंड की जानकारी जुटाई जा सके। कार्रवाई उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राजस्थान) नरेश बुंदेल के मार्गदर्शन में की गई। अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और क्षेत्र में ऐसे अपराधों पर सख्त नजर रखी जा रही है।

# प्रतापगढ़ में नशीले पदार्थों पर बड़ी चोट: 284 ग्राम एमडी के साथ तस्कर गिरफ्तार

## अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब्त एमडी की कीमत 50 लाख रुपये से अधिक आंकी गई



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रही जंग में प्रतापगढ़ पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी विनीत कुमार बंसल के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 284 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) के साथ एक अंतर-राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई एमडी की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

### अर्नोद रोड पर कार्रवाई, रतलाम का तस्कर दबोचा


एसपी बंसल ने बताया कि मंगलवार 17 जून को थाना प्रतापगढ़ के उपनिरीक्षक लक्ष्मण लाल और उनकी टीम अरनोद रोड पर नियमित नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान, मध्य प्रदेश नंबर की एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल चालक जावेद खान पुत्र हमीद खान पठान उम्र 32 वर्ष निवासी बाराखेड़ा थाना पिपलोदा जिला रतलाम मध्य प्रदेश) के पास से 284 ग्राम अवैध एमडी बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्त जावेद खान को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर थाना प्रतापगढ़ में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

मामले में आगे की जांच जारी है, जिससे ड्रग तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है। एसपी बंसल ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि प्रतापगढ़ पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखा जाएगा।

इस सफल ऑपरेशन में थाना प्रतापगढ़ से उपनिरीक्षक लक्ष्मण लाल, सहायक उपनिरीक्षक लोकेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल बिशन सिंह, अरविन्द कुमार, कांस्टेबल मनोज, मुकेश कुमार, रणजीत और गोविन्द शामिल थे।


# वर्कशॉप के अंदर चाकू से हमला, CCTV में कैद वारदात; हिस्ट्रीशीटर रेहान और साथी फरार




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के अंबामाता थाना क्षेत्र स्थित एक बाइक वर्कशॉप में सोमवार को दिनदहाड़े एक कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया, जिसमें पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। गंभीर रूप से घायल युवक को एमबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना अंबामाता क्षेत्र के भवानी मोटर्स वर्कशॉप की है, जहां कर्मचारी मोहम्मद शोएब पर हिस्ट्रीशीटर रेहान उर्फ मिया ने अपने साथी साहिल उर्फ नोचा के साथ मिलकर हमला किया। वीडियो फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि रेहान वर्कशॉप में शोएब के पास पहुंचता है, उससे कुछ देर बातचीत करता है और फिर अचानक जेब से चाकू निकालकर उस पर दो बार वार करता है। पुलिस के अनुसार, यह हमला आपसी रंजिश का नतीजा बताया जा रहा है। हमला करने के बाद रेहान और साहिल मौके से फरार हो गए। वहां मौजूद अन्य कर्मचारी हमले से स्तब्ध रह गए और तुरंत घायल शोएब को एमबी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित के परिजनों की शिकायत पर अंबामाता थाना पुलिस ने रेहान और साहिल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पलिस अधिकारियों के अनुसार, रेहान एक हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने शहर के संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

# राजसमंद में हादसा: गुंजोल के पास नाले में गिरी निजी बस, 12 यात्री घायल




24 न्यूज अपडेट

नाथद्वारा | राजसमंद जिले के नाथद्वारा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक निजी ट्रेवल्स बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गहरे नाले में गिर गई। हादसे में बस सवार करीब 12 यात्री घायल हो गए। यह दुर्घटना गुंजोल के पास उस समय हुई जब बस हाईवे पर सर्विस रोड के पास से गुजर रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे वाला स्थान राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है, जहां सड़क निर्माण कंपनी द्वारा सर्विस रोड के पास गहरा नाला खोदा गया था। मौके पर कोई चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग या रोशनी की व्यवस्था नहीं थी। अंधेरे में ड्राइवर को नाले का अंदाजा नहीं लग पाया और बस सीधे उसमें जा गिरी। बस राजस्थान के आसींद से गुजरात के सूरत के लिए रवाना हुई थी और रात करीब 9 बजे यह दुर्घटना गुंजोल के पास हुई। बस चालक ने बताया कि उसके आगे चल रहे ट्रेलर ने अचानक रफ्तार कम कर दी, जिससे उसे बस को साइड लेना पड़ा। किनारे की ओर मुड़ते ही बस गहरे नाले में जा गिरी। दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर नाथद्वारा के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्यों में सहयोग किया। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने सड़क निर्माण कंपनी की गंभीर लापरवाही की ओर इशारा किया। बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के गहरे नाले की खुदाई कर दी गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए उचित संकेतक, रोशनी और सुरक्षा उपायों की मांग की है। घायलों की स्थिति अस्पताल प्रशासन के अनुसार, घायलों में से अधिकांश को मामूली चोटें आई हैं, जबकि दो यात्रियों की हालत मध्यम रूप से गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों का इलाज जारी है।

# सीएम भजनलाल बोले- राजस्थान में पानी की प्रमुख समस्या:बरसात के मौसम में जल का संरक्षण की अपील की; राजसमंद झील की आरती उतारी




24 न्यूज़ अपडेट

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। राजीविका के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भर बनकर रोजगार के पर्याप्त अवसर प्राप्त कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान को बनाए रखने के लिए देशभर में शौचालयों का निर्माण, धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए उज्वला योजना के माध्यम से घर-घर तक रसोई गैस और पीने के पानी के लिए हर घर तक नल से जल पहुंचाने का कार्य केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है।

## जल संरक्षण के महत्व को समझाया

दरअसल, सीएम आज राजसमंद पहुंचे थे। उन्होंने भिक्षु निलियम परिसर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए आमजन से अपील भी की। कहा कि सभी बरसात के मौसम में जल का संरक्षण करें। प्रदेश में पानी की समस्या प्रमुख समस्या है, यदि प्रदेश में पानी की उपलब्धता रहेगी तो खुशहाली भी होगी।

उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में आमजन जल संरक्षण करेंगे तो जमीन का जल स्तर पर ऊपर आएगा और पेड़ हरे भरे होंगे व हरियाला राजस्थान बनेगा। अधिक से अधिक लोग जल संरक्षण में अपना योगदान दे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाए। सभा में मुख्यमंत्री ने हल्दीघाटी युद्ध विजय दिवस पर बोलते हुए महाराणा प्रताप के शौर्य को याद किया। इस विजय को स्वाभिमान और सत्य की विजय बताया।

## राजसमंद झील की आरती उतारी

इससे पूर्व सीएम डबोक एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से पुलिस लाइन में बनाए हेलीपेड पर पहुंचे, जहां भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने द्वारिकाधीश मंदिर में राजभोग झांकी के दर्शन किए। फिर मुख्यमंत्री राजसमंद झील पहुंचे और राजसमंद झील की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर झील की आरती उतारी। साथ ही झील पर पौधारोपण कर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसके बाद राजसमंद झील से मुख्यमंत्री सीधे भिक्षु निलियम परिसर पहुंचे, जहां वंदे गंगा अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान उनके साथ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, दीप्ति माहेश्वरी, कलेक्टर बाल मुकुंद असावा, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एसीबी की कार्रवाई : म्यूटेशन खोलने की एवज में 5000 की रिश्वत लेते पटवारी और चेनमैन रंगेहाथ गिरफ्तार, ऑफिस और घरों की तलाशी जारी



24 न्यूज़ अपडेट

अजमेर, 18 जून। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अजमेर यूनिट ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए भिनाय क्षेत्र के पटवारी और चेनमैन को 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपियों ने म्यूटेशन (वरासत) खोलने के बदले परिवादी से रिश्वत की मांग की थी।

## 5500 की मांग, 5000 में हुई डील

एसीबी अजमेर के एडिशनल एसपी भागचंद मीणा ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने यूनिट में शिकायत दी थी कि भिनाय क्षेत्र के एकलसिंघा गांव के पटवारी विकास कुमार पुत्र प्रहलाद सिंह ने उसके नाम म्यूटेशन खोलने की एवज में 5500 रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत की प्रारंभिक जांच और सत्यापन के बाद एसीबी टीम सक्रिय हुई।

## ऑफिस में पकड़े गए रिश्वत लेते

बुधवार को एसीबी ने परिवादी को पूर्व नियोजित 5000 रुपये की राशि देकर पटवारी के पास भेजा। योजना के अनुसार, एसीबी की टीम ने भिनाय पटवारी विकास कुमार और चेनमैन पन्नालाल (54 वर्ष) पुत्र हरदेव को उनके कार्यालय में रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। साथ ही उनके कार्यालयों और आवासीय परिसरों में तलाशी अभियान जारी है। एसीबी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं यह रिश्वतखोरी कोई व्यवस्थित पैटर्न तो नहीं है।

# राजस्थान हाईकोर्ट में 12वीं पास के लिए निकली भर्ती:आज से 7 जुलाई तक करें अप्लाई, 65,900 रुपए तक मिलेगी सैलरी




24 न्यूज़ अपडेट

राजस्थान में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान हाई कोर्ट ने 58 पदों पर ड्राइवर की वैकेंसी निकली है। इसके लिए 12वीं पास कर चुके उम्मीदवार राजस्थान हाईकोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट hcraj.nic.in पर जाकर 18 जून दोपहर 1 से 7 जुलाई शाम 5 बजे तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते है। इसके बाद स्किल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर उम्मीदवारों का फाइनल सिलेक्शन किया जाएगा।

## इन पदों पर होगी भर्ती

हाईकोर्ट, राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ ही अधीनस्थ न्यायालयों में कुल 58 ड्राइवरों की भर्ती निकली गई है। इनमें 5 महिला ड्राइवरों के पद भी शामिल हैं।

राजस्थान उच्च न्यायालय 25 ड्राइवरों की भर्ती की जाएगी।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (आरएसएलएसए) 2 ड्राइवरों की भर्ती की जाएगी।

जिला न्यायालय (गैर-टीएसपी क्षेत्र) 25 ड्राइवरों की भर्ती की जाएगी।

जिला न्यायालय (टीएसपी क्षेत्र) 1 ड्राइवरों की भर्ती की जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण – डीएलएसए (गैर-टीएसपी क्षेत्र) 2 ड्राइवरों की भर्ती की जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण – डीएलएसए (टीएसपी क्षेत्र) 3 ड्राइवरों की भर्ती की जाएगी।

**योग्यता-** भर्ती में आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का 12वीं पास होना जरूरी है। इसके साथ ही उसके पास सरकार द्वारा वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी होना अनिवार्य है। इसके साथ ही 3 साल का वाहन चलाने का अनुभव, आंखों की रोशनी (चश्मे के साथ या बिना) 6/6 होनी चाहिए।

**फीस-** भर्ती के लिए राजस्थान या देश के किसी भी राज्य के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। ऐसे में आवेदन की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए सामान्य वर्ग और राजस्थान से बाहर के अभ्यर्थियों को 750 रुपए, ओबीसी वर्ग को अभ्यर्थियों को 600 रुपए और एसटी, एससी और भूतपूर्व सैनिकों को 450 रुपए फीस देनी होगी।

**आयु सीमा-** भर्ती के लिए 18 से 40 साल तक की उम्र के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आयु की गणना 1 जनवरी 2026 के आधार पर की जाएगी। जिसमें सरकारी नियमों के अनुसार आरक्षित वर्गों को आयु में छूट मिलेगी।

**सैलरी-** भर्ती में सिलेक्ट होने पर अभ्यर्थी को दो साल के लिए प्रोबेशन पर रखा जाएगा। इस दौरान 14 हजार 600 रुपए हर महीने सैलरी दी जाएगी। इसके बाद पे-मैट्रिक्स लेवल - 5 के मुताबिक पे स्केल 20,800 - 65,900 रुपए सैलरी दी जाएगी।

# राजस्थान में साइबर क्राइम पर बड़ी चोट: 23.56 लाख की 'डिजिटल अरेस्ट' ठगी के तीन और आरोपी गिरफ्तार



**बांए से : ओमप्रकाश उर्फ नितेश, वंशुल उर्फ आर्यन उर्फ प्रवीण और भुपेश फगेडिया**

24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर, 18 जून। साइबर अपराधियों के खिलाफ राजस्थान पुलिस की मुहिम तेज हो गई है। पुलिस थाना साइबर क्राइम ने 23.56 लाख रुपये की 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले एक आरोपी की गिरफ्तारी के साथ, कुल गिरफ्तारियां चार तक पहुंच गई हैं। यह गिरोह देशभर में 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर लोगों को डराकर लाखों रुपये ठग रहा था, जिसका खुलासा इस कार्रवाई से हुआ है।

साइबर क्राइम के पुलिस अधीक्षक श्री शान्तनु कुमार ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 27 मई 2025 को जयपुर के एक निवासी ने शिकायत दर्ज कराई थी। परिवादी ने बताया कि 23 मई को उन्हें दो संदिग्ध मोबाइल नंबरों से कॉल आए। कॉल करने वालों ने खुद को मुंबई के कोलावा पुलिस स्टेशन से 'संजय कुमार' बताया। उन्होंने कहा कि परिवादी द्वारा 2 जनवरी 2025 को मुंबई से खरीदे गए एक मोबाइल नंबर का उपयोग 'मनी लॉन्ड्रिंग' और 'आपत्तिजनक मैसेज' भेजने के लिए किया गया है। इतना ही नहीं उन्हें बताया गया कि उनके खाते में 2.8 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है और उनके नाम पर एक गैर-जमानती वारंट भी जारी हो चुका है।

धोखाधड़ी को और पुख्ता बनाने के लिए ठगों ने परिवादी को सीबीआई के मुख्य जांच अधिकारी रोहित कुमार गुप्ता से बात करवाई, जिन्होंने भी उन्हीं बातों को दोहराया। इसके बाद परिवादी को एक आवेदन लिखने और यह विश्वास दिलाने के लिए मजबूर किया गया कि उनका आधार कार्ड केनरा बैंक से जुड़ा है और उसका दुरुपयोग मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है। उन्हें यह भी बताया गया कि उनके खाते फ्रीज करने और गिरफ्तारी वारंट जारी करने के आदेश हो चुके हैं। ठगों ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए एक अदालत का दृश्य भी दिखाया, जिसमें एक न्यायाधीश संतोष कुमार भार्गव (परिवादी का नाम) के सभी खातों को जब्त करने और राशि जमा न करने पर तुरंत गिरफ्तारी का आदेश देते हुए दिखाई दे रहे थे। इस दबाव में आकर 26 मई को परिवादी ने अपने बैंक खाते से आरटीजीएस के माध्यम से आईसीआईसीआई बैंक, सेक्टर 11, रोहिणी, नई दिल्ली में स्थित 'कृष्णा सर्जिकल' के खाता संख्या 036705004759 में कुल 23 लाख 56 हजार रुपये हस्तांतरित कर दिए।

गहन अनुसंधान से हुआ खुलासा: दिल्ली से लेकर सोनीपत तक फैले तार

इस सनसनीखेज धोखाधड़ी के सामने आने के बाद साइबर क्राइम पुलिस थाना पर एफआईआर दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की गई। पुलिस के गहन अनुसंधान के दौरान यह सामने आया कि ठगी गई रकम का एक बड़ा हिस्सा कृष्णा सर्जिकल के खाते में गया था।

पुलिस ने इस खाते के लाभार्थी सुरेश कुमार जाट उर्फ सुरेन्द्र पुत्र बलबीर सिंह निवासी रामसिंहपुरा जिला झुंझुनू को 30 मई को बागबन अपार्टमेंट थाना शाहबाद डेयरी, रोहिणी, नई दिल्ली से गिरफ्तार किया।

सुरेश कुमार जाट से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए। उसने बताया कि ठगी की गई रकम (लगभग 3 करोड़ रुपये, जिसमें अन्य मामलों की राशि भी शामिल है) को उसने अपने तीन साथियों ओमप्रकाश उर्फ नितेश पुत्र कालूराम (23) निवासी राजपुरा पिपरेन, थाना सूरतगढ़ सदर, जिला श्रीगंगानगर, वंशुल उर्फ आर्यन उर्फ प्रवीण पुत्र संजय श्योरन (19) निवासी जैतपुरा, थाना हमीरवास, जिला चुरू और भूपेश फगेड़िया पुत्र भागीरथ (27);निवासी रामसिंगपुरा, थाना बिसाऊ, जिला झुंझुनू के साथ मिलकर ठिकाने लगाया था।

ये आरोपी जयपुर के एक होटल में रुके थे और होटल के वाई-फाई का उपयोग कर नेट बैंकिंग के माध्यम से ठगी की गई रकम को विभिन्न बैंक खातों में ऑनलाइन स्थानांतरित कर रहे थे। अनुसंधान अधिकारी नीरज मेवानी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल दौलत राम, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, आनंद कुमार और बनवारी लाल की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उपरोक्त तीनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर जिला कारागृह सोनीपत से गिरफ्तार किया।

एसपी शांतनु कुमार ने बताया कि इन आरोपियों के खिलाफ हरियाणा के चंडीगढ़, सोनीपत, दिल्ली के रोहिणी, बिहार के पटना और कर्नाटक के बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में भी 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी के समान मामले या शिकायतें दर्ज हैं। यह इंगित करता है कि यह एक संगठित गिरोह है जिसका नेटवर्क देशभर में फैला हुआ है। साइबर क्राइम पुलिस अब तक इस मामले में कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चुकी है और उनसे आगे की पूछताछ जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि इस जांच से इस बड़े धोखाधड़ी गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके modus operandi का पूरा खुलासा हो सकेगा।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी फ्रांस और जर्मनी की सात दिवसीय यात्रा पर रवाना



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर. राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी बुधवार को फ्रांस और जर्मनी की सात दिवसीय अध्ययन यात्रा के लिए नई दिल्ली से रवाना हुए। यह यात्रा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों की संसदीय परंपराओं और विधायी कार्यप्रणालियों का अध्ययन करना है। श्री देवनानी ने इस यात्रा को वैश्विक संसदीय संवाद की दिशा में एक नई पहल बताया है। विदाई से पूर्व श्री देवनानी को मंगलवार प्रातः उनके जयपुर स्थित राजकीय निवास पर विशिष्ट सहायक श्री के.के. शर्मा एवं राजस्थान विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ, माला और दुपट्टा भेंटकर शुभकामनाएं दी गईं। इस अध्ययन यात्रा में उनके साथ विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री भारत भूषण शर्मा भी रवाना हुए हैं। श्री देवनानी अपनी इस यात्रा के दौरान फ्रांस और जर्मनी की राष्ट्रीय संसदों, स्थानीय विधान संस्थानों, और शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं का भ्रमण करेंगे। वे वहाँ के उच्चाधिकारियों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ लोकतांत्रिक आदान-प्रदान, डिजिटल विधायी प्रक्रियाएं, तथा सामाजिक समावेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे भारतीय मिशनों, प्रवासी भारतीय संगठनों, तथा भारतीय मूल के नवाचारकर्ताओं से भी संवाद करेंगे। इस अवसर पर वे राजस्थान की लोकतांत्रिक परंपराओं, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, और जनकल्याणकारी योजनाओं के मॉडल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेंगे। रजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी की यह यात्रा न केवल संसदीय सहभागिता को सुदृढ़ करेगी, बल्कि राज्य की छवि को भी अंतरराष्ट्रीय पटल पर नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेगी। वे 24 जून को अपनी यात्रा पूर्ण कर स्वदेश लौटेंगे।

# चूरू पुलिस का बड़ा खुलासा : राजगढ़-सरदार शहर की डबल लूट का अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा, 8 साल जेल काट चुका हत्यारा भी शामिल




24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर, 18 जून। चूरू जिले की थाना राजगढ़ पुलिस ने 9 जून की रात को राजगढ़ और सरदारशहर में हुई दो सनसनीखेज लूट की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही लूटी गई कार सहित घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली गई हैं।

एसपी जय यादव ने बताया कि 9 जून की रात को राजगढ़ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि राजगढ़-तारानगर रोड पर चार अज्ञात कार सवारों ने एक कार चालक पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी कार और नकदी लूट ली है। इसी रात, सरदारशहर थाना क्षेत्र में भी इसी तरह की एक और घटना को अंजाम दिया गया था।

पहली घटना में पीड़ित नरेश कुमार पुत्र मोहनलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि तारानगर से घर लौटते समय न्यांगली गांव के पास एक सफेद आई-20 कार ने उसे रोक लिया। कार से उतरे चार लोगों ने उसकी स्विफ्ट कार, 7-8 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीनकर उन पर चाकू से हमला किया। जांच में सामने आया कि इसी रात सरदारशहर में भी अपहरण और लूट की इसी तरह की घटना को अंजाम दिया गया था।

**चंडीगढ़ तक पीछा** : इन गंभीर वारदातों को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़, किशोरी लाल और सहायक पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम आईपीएस के सुपरविजन एवं राजगढ़ थानाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। हेड कांस्टेबल सुनील कुमार के नेतृत्व में इस टीम ने घटनास्थल और आरोपियों के भागने के मार्ग पर तकनीकी संसाधनों, सीसीटीवी कैमरों और टोल नाकों की मदद से गहन छानबीन की। पुलिस टीम ने लगातार चार दिनों तक अथक प्रयास कर आरोपियों का पीछा किया और राजपुरा, पंजाब तक जा पहुंची।

भेस बदलकर, कड़ी मशक्कत के बाद मिली कामयाबी: पुलिस टीम ने राजपुरा में आरोपियों के संबंध में सादे कपड़ों में भेस बदलकर गुप्त रूप से जानकारी जुटाई। कड़ी मेहनत के बाद टीम ने मुख्य मुलजिमों बघेल सिंह (38) पुत्र अमरीक सिंह निवासी खराजपुर, पटियाला, पंजाब और मनदीप उर्फ मैक्सी (33) पुत्र सुखविन्द्र सिंह निवासी राजपुरा, पटियाला, पंजाब को दबोच लिया। इनके कब्जे से लूटी गई स्विफ्ट कार और घटना में प्रयुक्त आई-20 कार भी बरामद की गईं।

खास बात यह है कि आरोपियों ने पहचान से बचने के लिए दोनों गाड़ियों की नंबर प्लेटें हटा दी थीं। गिरफ्तार किए गए दोनों मुलजिम नशे के आदी हैं और उनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। मुलजिम बघेल सिंह हत्या के एक मामले में 8 साल की सजा काट चुका है, जबकि मुलजिम मनदीप उर्फ मैक्सी का पिता पंजाब पुलिस में उप निरीक्षक रह चुका है। इन शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी से चूरू पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।

इस कार्रवाई में थाना राजगढ़ से एसएचओ राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार, संदीप कुमार, अमर सिंह एवं साइबर सेल चूरू से कांस्टेबल रमाकांत शामिल थे।

# ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु दौराई (अजमेर) -समस्तीपुर-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन



24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियो की सुविधा हेतु दौराई (अजमेर) -समस्तीपुर-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09617, दौराई (अजमेर) -समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 20.06.25 एवं 27.06.25 को (02 ट्रिप) दौराई (अजमेर) से 20.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 23.15 बजे समस्तीपुर पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09618, समस्तीपुर-दौराई (अजमेर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 22.06.25 एवं 29.06.25 को (02 ट्रिप) समस्तीपुर से 01.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 06.15 बजे दौराई (अजमेर) पहुॅचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अजमेर, किशनगढ, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर , ईदगाह, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज, मिर्जापुर, प. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरां , दानापुर , पाटलीपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर एवं मुजफ्फरपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 02 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित 20 डिब्बे होगे।

# ठेकेदार द्वारा आम रास्ते में बन रहे एनीकट का कार्य नहीं रोकने पर मौके पर पहुंचे एसडीएम, लगाई फटकार



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर जिले की ग्राम पंचायत पाणुंद में गांव के भगड़ क्षेत्र में आम रास्ते पर बन रहे एनीकट निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों का विरोध लंबे समय से जारी था। ग्रामीणों की आपत्ति के बावजूद ठेकेदार द्वारा चोरी-छिपे कार्य चालू रखा गया। इसको लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, जल संसाधन विभाग के अभियंता और भीण्डर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था, किंतु निर्माण कार्य नहीं रुकने पर मंगलवार को ग्रामीण एकजुट होकर भीण्डर एसडीएम रमेश बहेड़िया के पास पहुंचे और विरोध दर्ज कराया। शिकायत मिलने पर एसडीएम रमेश बहेड़िया, भीण्डर थाने से पुलिस टीम, पटवारी और अन्य प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचते ही काम कर रहे मजदूर और जेसीबी चालक मौके से भाग खड़े हुए। एसडीएम ने मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को सख्त फटकार लगाई और स्पष्ट किया कि यह आम रास्ता है, जहां एनीकट नहीं बनना चाहिए। एसडीएम ने ठेकेदार को चेतावनी दी कि यदि दोबारा चोरी-छिपे कार्य शुरू किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों का कहना

ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर एनीकट का निर्माण किया जा रहा है, वह वर्षों पुराना आम रास्ता है। इस रास्ते से न केवल गांव के लोग बल्कि मवेशी भी खातेदारी जमीन और चरागाह भूमि तक पहुंचते हैं। यदि इस रास्ते पर एनीकट बनता है, तो रास्ता बंद हो जाएगा और गांव वालों का अपनी खातेदारी जमीन पर आना-जाना भी रुक जाएगा। ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और सरपंच को भी अवगत कराया। ग्रामीणों ने इस मामले में वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी से भी संपर्क किया। विधायक ने भी ठेकेदार को फटकार लगाते हुए निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके ठेकेदार ने कुछ दिन बाद फिर कार्य शुरू कर दिया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई।

## ग्रामीणों ने जताया संतोष

एसडीएम की कार्रवाई के बाद ठेकेदार द्वारा मिक्सर मशीन, सीमेंट की बोरियां और अन्य सामग्री हटवा दी गई। ग्रामीण सवराम गोकलावत ने बताया कि एसडीएम के आने के बाद काम पूरी तरह रुक गया है और गांववासियों ने एसडीएम के न्यायोचित फैसले पर संतोष जताया। ग्रामीण लक्ष्मण वेद ने कहा कि यह एनीकट वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र की पाणुंद पंचायत में बन रहा है, जबकि ठेका लसाड़िया पंचायत क्षेत्र का है। लसाड़िया पंचायत या धरियावद विधानसभा का इस भूमि पर कोई अधिकार नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की कि सदियों से चले आ रहे आम रास्ते पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न कराया जाए।

## सैकड़ों ग्रामीण हुए एकत्र

इस मौके पर परशराम गुंदावत, जगदीश लाल डूंगावत, मगनीराम धुलावत, बंसीलाल पतावत, गौतमलाल पतावत, सवराम गोकलावत, शंकरलाल हिरावत, लक्ष्मीलाल डूंगावत, हीरालाल गोकलावत, दिलीप डूंगावत, नारायण हिरावत, नारायणलाल डूंगावत, देवीलाल बोरीवाला, जीतमल जीवावत, तुलसीराम व्यास, जमनाशंकर डूंगावत, सुभाष जैन समेत सैकड़ों ग्रामीण और महिलाएं मौके पर एकत्र हुए और निर्माण कार्य को रुकवाया।



# पाणी रो मान राखो, जीवण रो ध्यान राखोः वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान में उमड़ा जनउत्साह, इंद्रदेव ने भी दिखाई सहमति



**24 न्यूज़ अपडेट**

सलूंबर, 18 जून। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सलूंबर उपखंड में आयोजित जिला स्तरीय श्रमदान कार्यक्रम में जन सहभागिता की प्रेरक मिसाल देखने को मिली। कलेक्टर अवधेश मीणा के नेतृत्व में सोनार माता मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने मिलकर न केवल परिसर को स्वच्छ बनाया, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया। इस विशेष अवसर पर जैसे इंद्रदेव ने भी अपनी सहमति जताई—श्रमदान के दौरान अचानक हुई रिमझिम वर्षा ने अभियान को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया।

**कार्यक्रम की शुरुआत शपथ और योग से**

शुरुआत में जिला कलेक्टर अवधेश मीणा ने उपस्थितजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इसके बाद डॉ. जितेन्द्र जोशी के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। जिला कलेक्टर सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने सोनार माता मंदिर परिसर की पहाड़ी पर चढ़कर श्रमदान किया और करीब 200 किलो से अधिक कचरा, जिसमें प्लास्टिक की बोतलें, पाउच, पॉलीथिन आदि शामिल थे, को हटाया गया। यह स्वच्छता अभियान न केवल पर्यावरणीय शुद्धता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था, बल्कि इससे जन-जागरूकता भी बढ़ी। प्लास्टिक मुक्त भविष्य और स्वच्छता का संदेश अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्वच्छता, हरियाली और एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त भविष्य की शपथ दिलाई। जिला कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि "स्वच्छता केवल एक दिन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह हर नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। श्रमदान से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना भी जागती है।" उन्होंने विशेष रूप से मंदिर के पुजारियों और स्थानीय नागरिकों से मंदिर परिसर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा निर्देशित 5 जून से 20 जून तक चल रहे जल संरक्षण अभियान की सफलता में जन सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताया। श्रमदान में जिला प्रशासन के साथ-साथ पुलिस और वन विभाग के अधिकारी भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रमुख उपस्थित जनों में—अवधेश मीणा, जिला कलेक्टर, बनवारी लाल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महेंद्र सिंह चुंडावत, एसीएफ, वेद प्रकाश, टीएडी विभाग, पुष्पक मीणा, जनसंपर्क अधिकारी, भगवती लाल मीणा, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी.

# 1100 सूर्य नमस्कार महा अभियान का समापन, प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित, 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 18 जून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उम्मेद सेवा संस्थान एवं शिवोहम योग केंद्र उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "1100 सूर्य नमस्कार महा अभियान" का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह राजकीय आयुर्वेद औषधालय, तीतरड़ी परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य प्रीतम सिंह चुंडावत के निर्देशन में हुआ। समापन अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि उम्मेद सेवा संस्थान तीतरड़ी के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ओंगणा पूर्बिया समाज के अध्यक्ष नरेश पूर्बिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के महा अभियान कॉर्डिनेटर योगाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार सनाढ्य ने बताया कि अभियान के सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने अपने संबोधन में सभी साधकों को बधाई देते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार केवल योग नहीं, एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इसे नियमित जीवन का हिस्सा बनाने और आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। साथ ही आगामी समय में और भी वृहद स्तर पर योग आयोजन की आवश्यकता जताई।

## विशिष्ट अतिथि का प्रेरक संबोधन

समाजसेवी नरेश पूर्बिया ने सूर्य नमस्कार के वैज्ञानिक और मानसिक लाभों को रेखांकित करते हुए इस अनूठे अभियान के आयोजन हेतु आयोजकों एवं साधकों को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज को स्वस्थ और सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।समारोह के अंत में शिवोहम योग केंद्र के संचालक व निदेशक योगाचार्य प्रीतम सिंह चुंडावत ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक, पद्मा, मनीषा, सुजीशा, युक्ति, महेश, अनीता, प्रज्ञा, अंकिता, मितल सहित अनेक योग साधक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# एबीवीपी ने MPUAT में भर्तियों की अनियमितताओं व छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रबंध मंडल का किया घेराव, विवि प्रशासन को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन, सीट कटौती, स्कोर कार्ड विसंगति, हॉस्टल व इंटरनेट समस्याएं उठाईं




**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (MPUAT) की प्रबंध मंडल बैठक के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन का घेराव करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। परिषद ने वर्ष 2022 से लंबित शैक्षणिक भर्तियों की प्रक्रिया में देरी, स्कोर कार्ड में विसंगति, छात्र हितों की उपेक्षा तथा बुनियादी सुविधाओं की खस्ताहाल स्थिति पर गहरी आपत्ति जताई।

**भर्ती प्रक्रिया में तीन साल से देरी, स्कोर कार्ड में भेदभाव**

एबीवीपी के महानगर मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा मई 2022 में विज्ञापन संख्या 02/2022 के तहत शैक्षणिक पदों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, लेकिन तीन वर्षों से अधिक समय बीतने के बावजूद यह प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं हुई है। वहीं अन्य कृषि विश्वविद्यालयों ने इसी अवधि में दो बार भर्तियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर पुनः नए सिरे से विज्ञापन निकाला जाए और इस बार स्कोर कार्ड की खामियों को दूर किया जाए। परिषद ने यह भी आरोप लगाया कि स्कोर कार्ड में विदेश से पीएचडी करने वाले अभ्यर्थियों को 5 अंक दिए जा रहे हैं, जबकि भारत से पीएचडी करने वाले अभ्यर्थियों को मात्र 4 अंक – जो कि अन्य कृषि विश्वविद्यालयों में निर्धारित 8 अंकों से भी कम हैं। यह एक गंभीर विसंगति है जिसे तत्काल ठीक किया जाना चाहिए।

## SRF और RA के अनुभव की अनदेखी

राठौड़ ने बताया कि स्कोर कार्ड में सीनियर रिसर्च फेलो (SRF) और रिसर्च एसोसिएट (RA) के कार्य अनुभव को नहीं जोड़ा गया है, जबकि यही अनुभव परियोजनाओं की रीढ़ होते हैं। अन्य कृषि विश्वविद्यालयों ने इनका अनुभव स्कोर कार्ड में जोड़ा है, पर MPUAT ने इन्हें नजरअंदाज किया है।

## सीटों में कटौती व छात्रों पर अतिरिक्त बोझ

एबीवीपी इकाई अध्यक्ष सुमित चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा स्टाफ की कमी के नाम पर कई विभागों में एमएससी और पीएचडी सीटें कम कर दी गईं, जिससे विद्यार्थियों को सीधा नुकसान हो रहा है। यदि विश्वविद्यालय समय पर भर्ती पूरी कर लेता, तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने बताया कि सीटों की कटौती से न केवल छात्रों का नुकसान हुआ, बल्कि विश्वविद्यालय को भी आर्थिक हानि हो रही है। साथ ही छात्रों से अलग से स्पोर्ट्स फीस ली जा रही है जबकि पहले ही महाविद्यालयों में यह राशि ली जाती है। यह विद्यार्थियों के साथ धोखा है। यदि बजट की कमी है तो विश्वविद्यालय को अपने स्तर पर समाधान करना चाहिए, छात्रों पर बोझ नहीं डाला जाए।

## हॉस्टल व इंटरनेट सेवाओं की बदहाली पर सवाल

एबीवीपी ने सभी संगठक महाविद्यालयों के हॉस्टलों की जर्जर स्थिति पर भी चिंता जताई। परिषद ने मांग की कि प्रत्येक हॉस्टल के नवीनीकरण के लिए एक छात्र प्रतिनिधि समिति बनाई जाए जिसमें यूजी, पीजी और पीएचडी का एक-एक छात्र शामिल हो, ताकि पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। साथ ही विश्वविद्यालय एवं इसके संगठक महाविद्यालयों के कार्यालयों व हॉस्टलों में इंटरनेट सेवाओं की दयनीय स्थिति पर भी रोष प्रकट किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद इंटरनेट सुविधा नाम मात्र की है। सभी विभागों ने अपने-अपने स्तर पर ब्रॉडबैंड ले रखा है जबकि दूसरी ओर विश्वविद्यालय एजेंसी को लाखों रुपये का भुगतान कर रहा है, जिससे राजकोषीय नुकसान हो रहा है। एबीवीपी द्वारा सौंपे गए 11 सूत्रीय ज्ञापन पर विश्वविद्यालय प्रबंधन ने गंभीरता से विचार करने व आगामी बैठक में सभी बिंदुओं पर सार्थक चर्चा का आश्वासन दिया।

# कल केसरिया पताकाओं से सजेगा रथयात्रा मार्ग, तैयारियां पूर्ण, उत्साह चरम पर



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में 19 जून की रात को श्री रथ समिति, उदयपुर द्वारा रथ मार्ग को केसरिया पताकाओं से सजाने का आयोजन किया जाएगा। शहर में धार्मिक उल्लास और भक्तिभाव का वातावरण पहले ही बन चुका है और अब रथयात्रा मार्ग के श्रृंगार से उत्सव चरम पर पहुंच गया है। श्री रथ समिति के युवा, ऊर्जावान और सेवाभाव से समर्पित कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में रथ मार्ग सजाया जाएगा। समिति के मार्गदर्शक घनश्याम चावला, राजेन्द्र श्रीमाली, सुरेंद्र सिंह, कार्तिक दखनी, निलेश जीनगर और समिति सचिव रवि माली के नेतृत्व में यह कार्य किया जाएगा। रात को 150 से अधिक कार्यकर्ता भजन-कीर्तन करते हुए ठाकुरजी श्री जगन्नाथ राय जी की जय-जयकार के साथ रथ यात्रा मार्ग को पांच हजार से अधिक केसरिया पताकाओं से सजाएंगे। रथ यात्रा मार्ग की सजावट जगदीश चौक से प्रारंभ होकर घण्टाघर, बड़ा बाजार, मोचीवाड़ा, भड़भुजा घाटी, भोपालवाड़ी, संतोषी माता मंदिर चौक, धानमंडी, मार्शल चौराहा, झीणीरेत चौक, अस्थल मंदिर चौराहा, आरएमवी रोड, कैलाश कॉलोनी, कालकाजी गोराजी, गुलाब बाग रोड, रंग निवास, भट्टीयानी चौहट्टा होते हुए पुनः जगदीश मंदिर मार्ग तक की जाएगी। दोनों ओर केसरिया पताकाएं लहराएंगी, जिससे संपूर्ण मार्ग आस्था और भक्ति में सराबोर रहेगा। श्री रथ समिति के सचिव रवि माली ने बताया कि रथयात्रा को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह है। श्रद्धालुओं के सहयोग से इस बार की रथयात्रा ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप लेगी। समिति द्वारा साफ-सफाई, सजावट, और यातायात व्यवस्था के समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं।


# मृत्यु समय शरीर और आत्मा का भेदज्ञान अत्यंत कठिन है : जैनाचार्य रत्नसेन सूरीश्वर महाराज



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 18 जून। जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वर महाराज आदि ठाणा 5 हिरण मगरी सेक्टर 3 से विहार कर श्री शांतिनाथ जैन संघ हिरण मगरी सेक्टर 4 जैन मंदिर में पहुंचे। प्रातः 8 बजे श्री संघ के अल्पाहार के पश्चात् 9.15 बजे धर्मसभा का आयोजन हुआ। कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया ने बताया कि धर्मसभा में प्रवचन देते हुए जैनाचार्य श्री ने कहा कि हमे प्राप्त हुए मानव जीवन, दीर्घ आयुष्य, आरोग्य, सुख-समृद्धि आदि सभी सुखों का मुख्य कारण परमात्मा की भक्ति है। अतः प्रतिदिन परमात्मा की सेवा-पूजा करना हमारा परम कर्तव्य है। परमात्मा की भक्ति में उदारता पूर्वक अच्छी से अच्छी सामग्री का उपयोग करना चाहिए। परमात्मा के द्रव्य पूजा के साथ-साथ भाव पूजा करना श्रावक का परम कर्तव्य है।. भावपूजा अर्थात् प्रभु के गुणगान करके आत्महित हेतु प्रार्थना करना । याचना और प्रार्थना में बड़ा अन्तर है। भिखारी की मांग को याचना कहते है और परमात्मा से भक्त की मांग को प्रार्थना कहते है। परमात्मा के पास क्या मांगना और क्या नहीं मांगना यह भी पूर्वाचार्यो ने प्रार्थना सूत्र के माध्यम से बताई है। इस सूत्र में बताई 13 प्रार्थनाओं में सबसे महत्त्वपूर्ण है समाधि मरण प्राप्ति की प्रार्थना । मानव जीवन की सफलता और सार्थकता गाड़ी-बंगले खरीदने या विशाल साम्राज्य खड़ा करने में नहीं है। क्योकि यह सारी संपत्ति यही रह जाने वाली है। जिंदगीभर व्यक्ति जिस घर को बनाने के लिए अथक मेहनत करता है। परंतु मरने के बाद उसी के परिवारजन उसको बांध कर श्मशान में जला देते है। जिस परिवार के पालन-पोषण के लिए व्यक्ति दिन-रात कड़ी मेहनत करता है, वही परिवार मृत्यु के बाद व्यक्ति को कुछ दिनों में ही भूल जाते हैं। संसार में जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है। परंतु मृत्यु समय शरीर आत्मा की भेद रेखा का ज्ञान एवं परमात्मा का शुभ ध्यान होना अत्यंत ही कठिन है। इस कठिन कार्य में सफल होने के लिए देव-गुरु की कृपा होना खूब जरूरी है। उसके साथ त्याग की मनोवृत्ति चाहिए। प्राप्त हुई सामग्री के प्रति त्याग का भाव नहीं है उसे समता भाव की प्राप्ति होना अति कठिन है। इस अवसर कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया, श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जिनालय समिति के अध्यक्ष सुशील बांठिया, अशोक नागौरी, उत्सव लाल जगावत, अनिल भण्डारी, गौतम गांधी, जसवंत सिंह सुराणा आदि समस्त कार्यकारिणी सदस्य आदि भी उपस्थित रहे।

# इस्कॉन रथयात्रा के पूर्व होगी जगन्नाथ कथा, प्रातः 9 बजे से विभिन्न मार्गो से रथ खीचेंगे शहरवासी



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर, अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन मन्दिर की ओर से 27 जून शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा पुरी (ओडिशा) की परम्परा के अनुसार विधि-विधान से सम्पन्न होगी। मन्दिर अध्यक्ष मायापुर वासी ने रथयात्रा मार्ग के बारे मे बताया कि-प्रातः ठीक 9 बजे इस्कॉन मन्दिर गगूंकुण्ड से रवाना होकर- नागदा रेस्टोरेंट- यूनिवर्सिटी रोड- यूनिवर्सिटी मुख्य द्वार-बोहरा गणेश जी चोराहा- धूलकोट चोराहा- आयड रोड- आनन्द प्लाजा- यूनिवर्सिटी रोड- नागदा रेस्टोरेंट होते हुए वैष्णव भक्त शहर वासी रथ को रस्से से खींचते हुए वापस इस्कॉन मन्दिर पहुंचेगे। रथोत्सव को लेकर भक्तो मे जबरदस्त उत्साह है।रथयात्रा के मार्ग एंव उनके आसपास क्षेत्र के रहनवासी दुकानदार समाज सेवी तथा गणमान्य नागरिक बढचढ कर भाग ले रहे है। मार्ग मे जगह जगह स्वागत द्वार, जल, मिल्करोज, छाछ, फल, प्रसाद और स्वलपाहर आदि के काउंटर लगाकर सेवा देने के लिए आगे आ रहे है। मायापुर वासी के अनुसार रथोत्सव के पूर्व 22 से 26 जून तक सायंकाल 6:30 से 9 बजे तक इस्कॉन हनुमानगढ के अध्यक्ष शास्त्र स्वरुप प्रभु के मुखारविन्द से व्यासपीठ से भगवान जगन्नाथ जी के वैशिष्ट्य और रथयात्रा की महिमा का गुणगान कथा के माध्यम से सुनेंगे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।